दिनांक 22.09.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम के कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया औचक निरीक्षण , कार्यालयीन समय में गायब रहने वाले कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

भिलाईनगर/ भिलाई निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने विभिन्न विभागों में औचक निरीक्षण किया, कर्मचारियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने वाले उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच किए। उन्होंने कहा कि बिना सूचना के अवकाश पर जाने या लेटलतीफ से आने वाले, बिना कारण इधर-उधर घूमने तथा कार्यालय अवधि में गायब रहने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही होगी। निरीक्षण के दौरान कार्य में अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों की जानकारी विभाग प्रमुख से मांगी गई! विभाग प्रमुख को निर्देश दिए कि उपस्थिति पंजी का अवलोकन प्रतिदिन अवश्य करें! कोरोना संक्रमण को देखते हुए कार्यालय में कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप मास्क लगाकर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। निगम के मुख्य कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने शाम 5 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विभाग के कर्मचारियों के उपस्थिति पंजी का अवलोकन के दौरान रजिस्टर में अंकित नाम के आधार पर सभी का नाम लेकर उपस्थिति की जांच किए , इस दौरान कुछ कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं थे , जो अन्य विभागीय कार्य की वजह से गए हुए , इस पर आयुक्त श्री सर्वे ने कहा कि एक रनिंग रजिस्टर रखें जिसमें किसी विभागीय कार्य से जाने का कारण एवं समय का उल्लेख हो।

जनसम्पर्क अधिकारी